हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

09 बाजार में बिक्री के लिए पहुंचा नगाड़ा, साढ़े चार ...



10 मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं को सतनामी समाज ...



## खबर संक्षेप

### कॉलेज में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कल

**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में 26 फरवरी को बलौदाबाजार जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी देना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। यह कार्यक्रम माई भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना के दिशा-निर्देशों तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 10 प्रतिभागी का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया जाएगा।

### नवधा रामायण में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**सिमगा।** समीपस्थ ग्राम दुलदुला में ग्रामीणों द्वारा आयोजित अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सम्मिलित होकर भगवान श्रीराम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उक्त अवसर पर क्षेत्र के जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच जीवन कामनी साहू, छोटू यदु, गोलू अवस्थी, मनोज टोंडे, हेमंत साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मूरा में पंच दिवसीय रामायण पाठ जारी



**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा में 23 से 28 फरवरी पंच दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन मारुति मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी मूरा ने की है। प्रत्येक मंचस्थ मानस को 501 रुपये एवं श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा । मारुति मानस के वरिष्ठ मार्गदर्शक तुलसी राम वर्मा के सानिध्य मे सुबह रामनाम की प्रभात फेरी निकाली गई है।

### कल्पतरु महिला मंडल ने स्कूलों में फर्नीचर और पंखों का वितरण किया



**हिरमी-रावन।** अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी कॉलोनी परिसर के कल्पतरु महिला मंडल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरमी तथा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सकलोर, कुठारौद एवं परसवानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टेबल, कुर्सी एवं सीलिंग फैन का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्पतरु महिला मंडल की अध्यक्षा अर्चना बसेर ने की। उनके साथ महिला मंडल की सचिव कुसुम मिश्रा सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बसेर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

## बलौदाबाजार से भाटापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ का प्रावधान, जिले को मिली कई सौगातें

# जिले के विकास में सार्थक साबित होगा बजट, कांग्रेस ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ का वर्ष 2026 का बजट मंगलवार को नया रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। इस बजट में जिले को कई सौगातें मिली है। जिलेवासियों ने राज्य सरकार के बजट की सराहना की है।

वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। बजट में जिले के लिए सड़क, शिक्षा, उद्योग और प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़े कई कार्यों को शामिल किया गया है। बजट के अनुसार कसडोल व्हाया बागबाहरा होते हुए गरियाबंद तक सड़क निर्माण किया जाएगा। वहीं बलौदाबाजार से भाटापारा सड़क के चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में भाटापारा में नालंदा लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। साथ ही दाऊ कल्याण सिंह कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बलौदाबाजार को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन के लिए चयनित किया गया है।




### ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक को मंजूरी

प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के तहत भाटापारा में मॉडल उप-पंजीयक कार्यालय की व्यवस्था की जाएगी। वहीं परिवहन व्यवस्था को तकनीक आधारित बनाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के 8 जिलों के साथ बलौदाबाजार में भी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) का निर्माण किया जाएगा। इस बजट में जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल होने से क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, उद्योग और प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### गिरौदपुरी मेला अनुदान दोगुना

इसके अलावा बलौदाबाजार में नए बीएड कॉलेज भवन के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मटीया (कसडोल) के औद्योगिक क्षेत्र के विकास की घोषणा की गई है। वहीं सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सोनाखान भवन के उन्नयन और उत्थान के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए मिनीमाता कर्मा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्नयन हेतु बजटीय प्रावधान किया गया है। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन गिरौदपुरी मेला के लिए दी जाने वाली राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दिया गया है।

### विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का संकल्प है यह बजट



भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा साय सरकार का तीसरे बजट विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विजन को नई मजबूती प्रदान करेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत एक लाख 72 हजार रुपये के बजट की थीम 'संकल्प' है, जो राज्य के विकास के लिए एक मजबूत संकल्प दर्शाता है तथा किसानों, महिलाओं, युवाओं, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए संतुलित बजट है एवं छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है, कुल मिलाकर, यह बजट राज्य के लिए उम्मीदों और संभावनाओं से भरा हुआ है, जो छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के विकास और उन्नति का है बजट



नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि आदर्श शहर समृद्धि योजना के अंतर्गत नगर बलौदाबाजार का समुचित विकास किया जाएगा। इसके लिए बलौदाबाजार के विधायक एवं मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार जताया। बजट से सभी वर्गों को लाभ होगा, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के समस्त मंत्रीगण एवम विधायकगणों का आभार व्यक्त किया।

### जिले में विकास को मिलेगी नई रफ्तार



वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को संकल्प आधारित बजट बताते हुए कहा कि यह वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है तथा विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा संभाग के समग्र विकास पर फोकस किया गया है। नगर विकास के अंतर्गत बलौदाबाजार में सियान गुड़ी तथा ई-ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से शहर के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। मटिया-कसडोल क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने की भी घोषणा की गई है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योगेश अग्रवाल ने कहा कि बलौदाबाजार को मिली ये सभी योजनाएं क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के सतत प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की समृद्धि और विकास का रोडमैप सिद्ध होगा।

## जनता के हितों की अनदेखी करने वाला है बजट : विधायक इन्द्र साव

**भाटापारा।** मंगलवार को वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये बजट से क्षेत्र के लोगों में ना केवल निराशा है, बल्कि हर वर्ग के लोगों को हतोत्साहित करने वाला नीरस बजट है। उक्त बातें विधायक इन्द्र साव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री द्वारा अपने लगातार तीसरे बजट से यह उम्मीद थी कि ऐसा बजट पेश करेंगे की प्रदेश को एक नई दिशा मिलेगी और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा परन्तु बजट से निराशा हुई। यह बजट कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले कृषकों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया।

ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए बजट में रोजगार की कोई बात नहीं कही गई। यहां तक की महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को फिर इस बार निराश किया गया। इस योजना से वंचित महिलाओं के नाम को पुनः जोड़ने जैसी घोषणा नहीं हुई। विधायक साव ने कहा कि इस बजट में भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के विकास ▶▶ शेष पेज 09 पर

### नहीं मिला मेडिकल कॉलेज



विधायक इंद्र साव ने कहा कि चिकित्सा सेवा में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह बजट बेमानी वाला साबित हुआ। मेडिकल की पढ़ाई करने मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग यहां अनवरत छात्र और उनके परिजन कर रहे हैं, लेकिन इस बार फिर मेडिकल कॉलेज की घोषणा ना होने से छात्रों को मायूस होना पड़ा है।

### 57 हजार रिक्त पदों पर सिर्फ 5 हजार भर्ती का प्रावधान

संतावन हजार शिक्षकों के रिक्त पदो के लिए बजट में मात्र पांच हजार भर्ती का उल्लेख ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। अवैध शराब एवं अन्य नशीली पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। विधायक साव ने कहा कि सरकारी दफ्तरों को चलाने के लिए स्थापना बजट का भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे सरकार की कथनी और करनी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बने उप जेल के लिए जेल कालोनी बनाए जाने, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय और अपर कलेक्टर कार्यालय चलाने के लिए अब तक स्टाफ भी स्वीकृत नहीं किया गया और ना ही स्थापना व्यय राशि का प्रावधान किया गया है। डबल इंजन की सरकार का ढोंग आज क्षेत्र की जनता को दिख गया और समझ आ गया कि भाजपा की कथनी और करनी में इतना अंतर है कि भाटापारा का विकास करना नहीं चाहते।

### बजट में दूरदर्शिता का अभाव, बेरोजगारी पर मौन रही सरकार : सुरेंद्र शर्मा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट बेरोजगारी दूर करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं करता और युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का सपना दिखाने वाली सरकार के बजट में दूरदर्शिता का सर्वथा अभाव है। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उन्हें ईमानदारी से लागू नहीं किया गया, तो बस्तर के विकास का सपना भी अधूरा ही रह जाएगा। पिछले दो वर्षों में सरकार बजट में प्रावधानित राशि का समुचित उपयोग करने में असफल रही है। नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या, परिवहन के बढ़ते दबाव, स्वच्छ पेयजल एवं समुचित चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए हैं। शिक्षा, चिकित्सा और जन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बजट निराश करता है। कृषि, सिंचाई और तकनीकी शिक्षा में और अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता थी, लेकिन इन क्षेत्रों की अनदेखी की गई है।

## भूपेश बघेल का लवन में जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

आज 24 फरवरी को गिरोधपुरी जाते हुए शाम 5.45 बजे जैसे ही भूपेश बघेल का काफिला लवन पहुंचा यहां सतनामी समाज एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने फूल माला एवं पटाखा से स्वागत किया। भूपेश बघेल के साथ क्षेत्र के विधायक संदीप साहू सहित कुल 12 विधायक शामिल थे। लवन में श्री बघेल भोजन भंडारा में पहुंचकर निरीक्षण किया एवं लवन स्थित बाबा गुरु घासीदास की जैत खाम में माथा टेका।

## पिकअप और बाइक में टक्कर, युवक की मौत



**खरोरा।** रायपुर–बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर करमा पुल के पास मंगलवार दोपहर लगभग 11.30 बजे एक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की पिकअप वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत आपातकालीन सेवा 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## किराना दुकान में चोरी, 50 हजार ले गए चोर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने शांति किराना स्टोर मंडी रोड दुकान को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखी लगभग 50 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

- शहर तोड़ दुकान के अंदर प्रवेश किया, व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

प्रोपराइटर नितिन गुप्ता ने बताया दुकान रोजाना की तरह रात में बंद कर दी गई थी। देर रात चोरों ने लोहे के शटर को तोड़कर अंदर घुसपैठ किए और सीधे काउंटर तक पहुंच गए। गल्ले में रखा नगदी रकम लेकर आरोपी मौके से भाग निकले। सुबह आसपास के लोगों ने टूटा शटर देखा तो दुकानदार को सूचना दी। आसपास के दुकानदारों ने तत्काल पुलिस को खबर कर जानकारी दी।





पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

व्यापारियों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने बाजार क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार की मांग की है।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं पदाधिकारियों ने मांग की है- रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, बाजार क्षेत्र में स्थायी पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था हो, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी नियमित की जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच अभियान चलाया जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का रास्ता अपनाने मजबूर होंगे।

### गुरु रूद्र कुमार ने मुख्य मंदिर में चढ़ाया पालो, मेला समाप्ति की घोषणा

# गिरौदपुरी धाम में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय मेले के अंतिम सप्तमी दिवस पर मुख्य मंदिर, शेर मंदिर सहित जोड़ा श्वेत खामों में गुरु गद्दी नशीन जगत गुरू रूद्रकुमार शामिल हुए। उनके साथ गुरू प्रियंका, गुरूमाता कौशल, राजमहंत दशेराम खांडे, राज महंत दिलीप घृतलहरे, राज महंत पी एल कोरिया, राज महंत सी आर टंडन, राज महंत राज नारायण निराला, महंत भुलाउराम पंडीत, राज महंत पी के घृतलहरे, राजेश्वर भार्गव, गौरी टंडन सहित सभी महंतगण भी मौजूद थे। मुख्य मंदिर में पालो चढ़ावा एवं गुरवंदना के साथ मेला मेला समापन की घोषणा की। इस दौरान गुरु घासीदास के जयघोष के साथ दर्शनार्थियों के लाखों भीड़ के साथ सतनाममय वातावरण में विधि विधान से पूजन अर्चन पंथी गीतों के साथ की गई। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच मेला का सफल आयोजन कलाकारों के पंथी गीतों, गुरु महिमा का बखान एवं सुबह शाम गुरू वंदन के साथ शांतिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।





### लाखों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

सत्य के खोज करने वाले एवं मनखे मनखे एक समान के महान उपदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास के सतनाम मय मेले में लाखों संत जन गुरू दरबार में मत्था टेंक कर पुण्य के भागी बने। गुरू रूद्र कुमार ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए मेला आयोजन में दिन रात मेहनत कर मेले को सफल बनाने के लिये समर्पित बलौदाबाजार कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, मेला प्रभारी एस डी एम गिरौदपुरी, कसडोल एवं प्रशासन के सभी विभागों के आला अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। मेले के अंतिम दिवस गिरौदपुरी धाम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जहां छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के श्रद्धालु शामिल हुए।

## प्लास्टिक मुक्त हुआ गिरौदपुरी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में तीन दिवसीय मेले में प्रशासन द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित कर स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए श्रद्धालुओं को इको फ्रेंडली कैरी बैग वितरित किया गया। इसके साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित दोना-पत्तल में भंडारा स्थलों पर भोजन परोसने पर जोर दिया गया। इस पहल से प्लास्टिक मुक्त गिरौदपुरी मेला का सन्देश दिया गया। तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला के दौरान मेला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिये स्वच्छाग्रहियों एवं सफाई कर्मियों लगभग 550 की ड्यूटी लगाई गई थी। ▶▶ शेष पेज 09 पर

- प्रशासन की इको-फ्रेंडली पहल को मिली सराहना





## खबर संक्षेप



### राज्यसभा के लिए साहू समाज ने मांगा प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने साहू समाज के प्रतिनिधि को राज्यसभा सदस्य बनाने जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से दूरभाष पर चर्चा की गई। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष निरेन्द्र साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास की धुरी रहने वाला साहू समाज प्रदेश में बहुसंख्यक और सामाजिक रूप से सबसे अग्रणी है, इसके बावजूद आज तक राज्यसभा में समाज के किसी भी व्यक्ति को अवसर नहीं मिलना चिंता का विषय है। समाज अब चाहता है कि उसकी आवाज दिल्ली के गलियारों में भी गूंजे। मुलाकात करने वालों में प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू के साथ गोपाल साहू, चूड़ामणि साहू , रोबिन साहू, देवदत्त साहू, प्रवीण साहू, गोपी साहू, लुकेश आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ मन, बुद्धि, शरीर का होना जरूरी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सोमवार को लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें प्रदेश से 120 से अधिक सेनानियों एवं नियुक्त प्रहरी पदाधिकारियों शामिल हुए। बैठक में लोकतंत्र प्रहरी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, संभागीय अध्यक्षों व सभी जिला अध्यक्षों को लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ शरीर, मन एवं बुद्धिमान मस्तिष्क का होना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की आजादी की लड़ाई हो या आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष, इनका नेतृत्व हमेशा इन गुणों से युक्त युवा पीढ़ी ने ही किया।

### मेहर समाज ने गुरु रविदास की मनाई जयंती



**रायपुर।** मेहर समाज द्वारा कोटा स्थित सभा भवन में रविवार को संत शिरोमणि विश्व गुरु रविदास की 649 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मेहर समाज महिला संगठन प्रदेश अध्यक्ष कुलेश्वरी बघेल, नरेश लदेर, जिलाध्यक्ष बसंती लहरी, विष्णु गजेन्द्र, विश्राम गजेन्द्र, शंकर लहरी, भारती मिर्झा, सोनिया तुरकाने, नंदनी मोहित रावत, गीता तुरकाने, सीता गजेन्द्र एवं बड़ी संख्या में सामाजिक नागरिक उपस्थित थे।

# पोर्टल में तकनीकी खामी, डॉयवर्सन के लिए ऑनलाइन आवेदन में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीन का डॉयवर्सन कराने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए शासन ने इसे ऑनलाइन कर दिया है। इस सुविधा के तहत जमीन का डॉयवर्सन कोई भी घर बैठे राजस्व विभाग के पोर्टल से आवेदन कर ऑनलाइन कर सकता है।

आवेदन के साथ जमीन के दस्तावेजों को भी अपलोड करना है। इस नए सिस्टम को लागू हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है। इसके बाद भी पोर्टल अभी तक सही तरीके से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन तक नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से डायवर्सन की प्रक्रिया भी फिलहाल ठप पड़ी हुई है। इधर राजस्व अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल के डायवर्सन साफ्टवेयर में कुछ तकनीकी खराबी है, जिसके कारण आवेदन भी नहीं आ रहे हैं। यह खराबी सुधरते ही ऑनलाइन डायवर्सन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों को तहसील कार्यालय आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

खास खबर

### पुराने लंबित आवेदनों का ही निराकरण

*तहसील कार्यालयों में ऑनलाइन सिस्टम लागू होने की तारीख से पहले डायवर्सन के लिए ऑफलाइन किए गए आवेदनों का ही निराकरण किया जा रहा है। हालांकि इनमें भी कई आवेदन ऐसे हैं, जो पिछले कई महीनों से लंबित हैं, जिनका निराकरण किया जाना है।*

### प्रदेश में दिसंबर 2025 से लागू है डॉयवर्सन का ऑनलाइन सिस्टम, ऑफलाइन सुविधा बंद



फाइल फोटो

### पोर्टल में कुछ दिक्कत बताई जा रही

पोर्टल में कुछ दिक्कत बताई जा रही है। अभी तक डायवर्सन के लिए एक भी ऑनलाइन आवेदन नहीं आया है। आवेदन आने पर 15 दिनों के भीतर उसका निराकरण किया जाएगा।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### लोग लगा रहे तहसील कार्यालय के चक्कर

पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन नहीं होने के कारण पिछले दो माह से डायवर्सन कराने वाले लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर भी काट रहे हैं। रायपुर तहसील कार्यालय में हर दिन दो से तीन लोग जमीन के दस्तावेजों के साथ आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन ऑफलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया बंद होने के कारण उन्हें बैरंग लौटया जा रहा है।

### रायपुर जिले में एक भी आवेदन नहीं

*डायवर्सन की प्रक्रिया जब से ऑनलाइन हुआ है, तब से लेकर अभी तक रायपुर जिले में डावर्सन के लिए एक भी आवेदन पोर्टल के माध्यम से नहीं किया गया है। इसकी जानकारी तहसील कार्यालय से मिली है। तहसील कार्यालय के राजस्व अधिकारी एवं डायवर्सन शाखा के प्रभारी ने बताया कि पोर्टल में डायवर्सन के लिए अलग से ऑप्शन दिया हुआ है। इस ऑप्शन के माध्यम से ही आवेदन किया जाना है, लेकिन आवेदन करने के दौरान आवेदन सहित दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि पोर्टल के साफ्टवेयर में कोई तकनीकी खराबी है, जिसके कारण आवेदन एवं दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। आवेदन एवं दस्तावेज अपलोड होने पर ही डायवर्सन की प्रक्रिया पूरी हो पाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक पोर्टल के माध्यम से एक भी आवेदन नहीं आया है।*

## नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने किया स्थल निरीक्षण


# मिनीमाता, शास्त्री चौक, कबीर चौक, भारत माता चौक में अंधेरा, निगम की व्यवस्था बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के विभिन्न चौक में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की देखरेख में नगर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के विभिन्न प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से वहां अंधेरा छाया हुआ है। साफ-सफाई और प्रतिमा की रंगाई, धुलाई की व्यवस्था नहीं हो रही। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहरके विभिन्न क्षेत्रों के चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि छत्तीसगढ़ महतारी चौक अंधेरे में डूबा हुआ है। चौक के आसपास रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसी तरह भारत माता चौक जहां पहले जगमग रोशनी के चलते यह स्थल लोगों के आकर्षण का केन्द्र हुआ करता था, वहां अंधेरा छाया हुआ है।

इसी तरह कलेक्टरोट परिसर के महतारी चौक जहां नगर निगम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है, उस चौक की दशा ये है कि रात में लाइट तक नहीं जल रही है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्वर्गीय मिनी माता के नाम से पंडरी के पुराने बस स्टेंड परिसर स्थित मिनीमाता चौक में कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली।

### महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की बदहाली पर उठाए सवाल







### 'हम ही संवारेंगे' इस जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहरी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राजधानी को सुंदर शहर बनाने की परिकल्पना करने से काम नहीं चलेगा। शहर के प्रमुख चौराहों को खूबसूरत बनाने अच्छी रोशनी, स्वच्छता के साथ स्थल की देखरेख की जरूरत है। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों से आने वाले यहां के खूबसूरती की सराहना करें, तब बात बनेगी। केवल यह कहकर कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे इस जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा।

### सफाई और प्रकाश व्यवस्था की कमी

सिविल लाइन स्थित संत कबीर चौक में रोशनी का अभाव देखा गया। निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कचहरी चौक स्थित शास्त्री चौक का निरीक्षण किया। इस चौक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थापित है, वहां सफाई और प्रकाश व्यवस्था की कमी देखने को मिली।

# मेडिकल कालेजों में क्रिटिकल केयर यूनिट खोलने की योजना ठंडे बस्ते में, विशेषज्ञ भी आयुष्मान से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अभी केवल रायपुर में सुविधा, जिला अस्पताल में खोलने की जरूरत
- गंभीर स्थिति के मरीजों के उपचार में विशेषज्ञ निभाते हैं निर्णायक भूमिका

गंभीर स्थिति वाले मरीजों के उचित उपचार के लिए सभी मेडिकल कालेजों में क्रिटिकल केयर यूनिट खोलने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। इतना ही नहीं, इलाज में विशेषज्ञों की भूमिका निभाने वाले क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञों को भी आयुष्मान से दूर रखा गया है। आईसीयू के बेहतर प्रबंधन को देखते हुए इसका विस्तार जिला स्तर पर किए जाने की जरूरत है, मगर अभी यह केवल रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में संचालित है।

विभिन्न विभागों में इलाज के दौरान अति गंभीर स्थिति में पहुंचने वाले मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी क्रिटिकल केयर यूनिट के मेडिसिन विशेषज्ञ पूरी करते हैं। आईसीयू, ट्रामा, वेंटिलेटर की सुविधा वाले क्रिटिकल केयर यूनिट की आवश्यकता कोरोना महामारी के दौरान सबसे ज्यादा महसूस किया गया था। बाद में यह यूनिट सभी शासकीय मेडिकल कालेज में खोलने की योजना बनाई गई थी। 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 23-23 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना थी। योजना कागजों से बाहर नहीं आई और यह सुविधा केवल रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित आंबेडकर अस्पताल में सीमित होकर रह गया।

### सुदृढ़ होगी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली

छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने बताया कि क्रिटिकल केयर मेडिसिन तीन वर्षीय सुपर-स्पेशियलिटी प्रशिक्षण है, जो गंभीर रूप से बीमार मरीजों के उन्नत उपचार एवं निगरानी पर केंद्रित होता है। इस विशेषज्ञता में उन्नत वेंटिलेशन प्रबंधन, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग, सेप्सिस प्रबंधन, मल्टी-ऑर्गन डिसफंक्शन उपचार तथा सतत रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी जीवन-रक्षक तकनीकों में दक्षता प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य सहायता योजना में इस विशेषज्ञता को औपचारिक रूप से शामिल किया जाना स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाएगा। इस निर्णय से छोटे शहरों एवं जिला अस्पतालों में उन्नत आईसीयू सेवाओं का विस्तार होगा। इससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी गंभीर रोगियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा और रेफरल बोझ में कमी आएगी।

# स्टील उद्योग को लग सकता है लोड फैक्टर कम होने का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली के नए टैरिफ के साथ ही प्रदेशभर के स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर के कम होने का तगड़ा झटका लग सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2026-27 के नए टैरिफ के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें लोड फैक्टर को फिर से 25 फीसदी से कम करके 10 फीसदी करने की मांग रखी है। ऐसा होने से स्टील उद्योग को टैरिफ में मिलने वाली छूट कम हो जाएगी। अभी छूट के कारण स्टील उद्योगों को घरेलू से भी कम दरों पर बिजली मिल जाती है। उद्योग को मिल रही सस्ती बिजली का जनसुनवाई में कांग्रेस के साथ ही छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने भी विरोध किया है। ऐसे में आयोग लोड फैक्टर कम कर सकता है।

प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में पिछली सरकार में बड़ी राहत देते हुए उसकी बिजली को बहुत ज्यादा सस्ता कर दिया गया था। ऐसा होने से स्टील उद्योग को घरेलू से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोला था, लेकिन आयोग में जाने के बाद भी आयोग ने इनकी बात नहीं मानी थी। इसके बाद जब प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी तो 2024-25 के टैरिफ के समय स्टील उद्योग का लोड फैक्टर कम करके 25 से 10 फीसदी कर दिया गया।



### लोड फैक्टर से 25 फीसदी सस्ती बिजली

स्टील उद्योग के लिए एक लोड फैक्टर तय है। जिस प्लांट ने जितने किलोवाट का कनेक्शन लिया है, उसमें लोड के उपयोग के अनुसार उसके टैरिफ में प्रतिशत कम किया जाता है। 2021-22 में 63 से 70 प्रतिशत था। यानी 64 प्रतिशत का उपयोग करने वालों को टैरिफ में एक प्रतिशत की छूट मिली, इसी तरह से 70 फीसदी तक उपयोग करने वालों को 8 फीसदी छूट मिली। लेकिन इसके बाद इसको इसको 50 से 75 प्रतिशत करके 25 फीसदी तक छूट का प्रावधान कर दिया गया। एक साल इसको दस फीसदी किया गया लेकिन फिर से चल रहे सत्र में यह छूट 25 फीसदी हो गई है।

### 6.40 रुपए का टैरिफ हो जाता है 5.00 रुपए

*बड़े उद्योगों का जितने मेगावाट का कनेक्शन है, उसका आसानी से ये 70 से 75 फीसदी तक उपयोग कर लेते हैं। 75 फीसदी उपयोग का मतलब यह है कि 6.40 रुपए प्रति यूनिट का टैरिफ सीधे-सीधा 25 फीसदी छूट के कारण 1.60 रुपए कम होकर 5.00 रुपए हो जाना। यही हो रहा है जिसके कारण स्टील उद्योगों को सस्ती कीमत पर बिजली मिल रही है। लेकिन अन्य शुल्क मिलाकर यह बिजली 7.21 रुपए की पड़ती है, ऐसा उद्योग चलाने वाले कहते हैं।*

*__लोड फैक्टर से फायदा__ : नियामक आयोग ने 2025-26 के टैरिफ में एक बार फिर से स्टील उद्योग का लोड फैक्टर बढ़ाकर 10 से 25 कर दिया। ऐसे में इस सत्र के लिए भी लोड फैक्टर के कारण स्टील उद्योग की चांदी हो गई है। हालांकि स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारी इस बात को नकारते हैं कि उनको फायदा हो रहा है। इनका कहना है उनको सभी शुल्क मिलाकर बिजली सात रुपए से ज्यादा की पड़ती है। अगर इनकी बात मान ली जाए तो भी इनकी बिजली तो घरेलू बिजली से सस्ती ही हुई, क्योंकि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर 6.60 रुपए तो टैरिफ ही है। इसी के साथ एफपीपीएएस और अन्य शुल्क मिलाकर करीब आठ रुपए यूनिट बिजली पड़ती है। अगर खपत 600 यूनिट से ज्यादा होती है तो इसकी कीमत करीब 10 रुपए यूनिट तक हो जाती है। क्योंकि टैरिफ ही 8.30 रुपए है।*


# तालाब के किनारे हिस्से पर कब्जा ढाबा की गंदगी से पानी भी प्रदूषित

## विधानसभा रोड क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड से लगा एक तालाब धीरे-धीरे पटता जा रहा है। इस तालाब का पानी भी पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। इसका बड़ा कारण इस तालाब के सामने सड़क से लगा एक ढाबा है। ढाबा संचालक ने न केवल इस तालाब के किनारे की जमीन को पाटकर यहां भवन तैयार करा लिया है, वहीं ढाबा के रसोई की सारी गंदगी भी तालाब में ही छोड़ी जा रही है, जिसके कारण तालाब का पानी भी प्रदूषित हो गया है।

गौर करने वाली बात यह है कि करीब सालभर पहले इस तालाब को पाटे जाने की कोशिश भी की गई थी, जिसकी शिकायत होने पर नगर निगम जोन-9 के अफसरों ने इसे रुकवाते हुए इस मामले में ढाबा संचालक की जमीन के दस्तावेजों की राजस्व विभाग द्वारा जांच भी कराई थी। इस जांच में कितनी जमीन अवैध पाई गई थी, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।



### आधी रात को मिट्टी डालकर तालाब को पाटने का किया गया था प्रयास

विधानसभा रोड पर प्रींस ढाबा के पीछे शासकीय तालाब है। यह तालाब कई दसक पुराना है। इस तालाब को करीब सालभर पहले पाटने का खेल चल रहा था। अज्ञात लोगों द्वारा आधी रात को जेसीबी मशीन के जरिए मिट्टी से इस तालाब को पाटा जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सद्दू क्षेत्र के रहवासी मौके पर पहुंचकर इसका विडियो भी बनाए थे। इस विडियो के आधार पर ग्रामीणों ने नगर निगम के जोन कमिश्नर से लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इस शिकायत के बाद नगर निगम ने खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए तालाब जाने वाले रास्ता काटा था, ताकि कोई भी बड़ी वाहन यहां प्रवेश नहीं कर पाए, वहीं जिस जमीन पर ढाबा बना हुआ है, उसके जमीन के दस्तावेजों की जांच भी राजस्व विभाग द्वारा कराई गई थी। इस जांच में तालाब से लगी कितने जमीन ढाबा संचालक की है, इसका अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

### तालाब का पानी हुआ प्रदूषित

*इधर ढाबा के रसोई की पूरी गंदगी तालाब में ही फेंकी जा रही है। रसोई की निकासी का रास्ता भी तालाब की ओर है, वहीं तालाब का किनारे का बड़ा हिस्से पर भी ढाबा संचालक द्वारा रसोई रूम है। इस रसोई रूम का निर्माण कार्य को देखकर पता चलता है कि इसका निर्माण तालाब के हिस्से को पाटकर बनाया गया है। फिलहाल तालाब को बचाने के लिए अभी तक नगर निगम, राजस्व विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं गई है।*

# पंचायतों का विकास भाजपा की प्राथमिकता से बाहर : सृष्टि

## कार्यकाल 1 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी पंचायतों के बैंक खाते खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी पंचायतों के खाते खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार में पंचायतें बेहाल हो चुकी है। सरकार का जो रवैया है उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि गांवों का विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता से बाहर है। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बने 2 वर्ष से अधिक तथा पंचायत चुनाव को एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन ग्रामीण विकास की बुनियाद कही जाने वाली पंचायतें आज इतिहास की सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच चुकी हैं।



सृष्टि ने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार ने न तो पंचायतों के लिए कोई बड़ी योजना शुरू की, और न ही पिछली सरकार के कार्यकाल की 15वें वित्त आयोग की लंबित राशि को जारी करने की कोई पहल की। नतीजा यह है कि पंचायतें सिर्फ नाम की रह गई हैं, जबकि फैसले और फंड राजधानी की फाइलों में कैद हैं। पंचायत चुनाव में चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल नाम का रह गया है। सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य केवल डमी बनकर रह चुके हैं। राशि नहीं होने से पंचायतों के विकास में जनप्रतिनिधि अपना योगदान नहीं दे पा रहे हैं। सरपंच, पंच अपने गांवों के लोगों का सामना नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व में महासमुंद ब्लाक के पंचायत प्रतिनिधियों ने 15 वें वित्त की राशि की मांग को लेकर धरना-आंदोलन किया था, जिसके बाद साल में 4 बार किश्तों में मिलने वाली 15 वें वित्त की राशि का केवल एक किश्त पंचायतों को मिला। लेकिन, उक्त राशि का भी आहरण पर रोक लगा दी गई।

### 17 हजार स्वास्थ्य कर्मचारी करेंगे विधानसभा घेराव

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी एक बार फिर अपनी लंबित मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। मांगों के निराकरण के लिए वे घेराव एवं आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे प्रदान करना, चिकित्सा परिचर्या सुविधा उपलब्ध कराना, अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान, स्थानांतरण नीति लागू करना, नई मानव संसाधन नीति लागू करना तथा नियमित कर्मचारियों की भांति वेतन खाते के माध्यम से बीमा सुविधा प्रदान करना शामिल है। कर्मचारी संघ का कहना है, मांग संबंधित फाइल मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी पिछले 5 माह से प्रशासनिक स्तर पर लंबित पड़ी है।

### पेंशन योग्य की जाए पूर्व सेवा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने पेश किए जाने वाले राजकीय बजट के अंतर्गत संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन के लिए मान्य किये जाने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# धोबी समाज ने मनाई संत गाडगे की जयंती

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा बालोद जिले के आमदी पलारी में सोमवार को स्वच्छता के जनक राष्ट्रसंत गाडगेजी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर धोबी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए। इसके बाद कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इस मौके पर समाज की प्रदेशाध्यक्ष श्री निर्मलकर ने कहा, संत गाडगेजी के जीवन चरित्र से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने लेख में स्पष्ट लिखा कि वे संविधान का निर्माण संत बाबा गाडगे से प्रेरणा लेकर कर रहे हैं, जबकि संत बाबा गाडगेजी उतने अधिक पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन शिक्षा की ओर ध्यान देने की नसीहत समाज के लोगों को दी। श्री निर्मलकर ने समाज के मुखिया से आव्हान किया कि अलग-अलग आयोजन करने के बजाय राजधानी में शानदार आयोजन करें और वह आयोजन दो दिवसीय रहे भले आयोजन अगले वर्ष हो। लेकिन समाज की ताकत दिखेगी। राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि अधिवेशन को विधायक संगीता सिन्हा, लक्ष्मी अशोक साहू, चंद्रहास निर्मलकर चैतराम निर्मलकर, जगजीवन निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर नकुल निर्मलकर, बेदीराम निर्मलकर, आदि ने संबोधित किया।

# जिलों में भ्रमण कर पिछड़ा वर्ग के लोगों से लिया जा रहा सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन जनसंख्या के आधार पर रिजर्वेशन एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। आयोग द्वारा सबसे पहले सर्वे करवाया और पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को स्पष्ट किया गया। इसके बाद से प्रत्येक जिले में भ्रमण कर वहां के पिछड़ा वर्ग के लोगों से चर्चा कर सुझाव लिया जा रहा है। रिपोर्ट में बेहतर सुझाव को शामिल किया जा रहा है।

उक्त बातें पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मंगलवार को शहर के सर्किट हाऊस में पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज में 95 जाति के लोग शामिल हैं। इन समाज के लोगों की सरकारी योजनाओं में कितनी भागीदारी है और समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कुर्मी समाज उपक्षेत्र बेमचा का वार्षिक अधिवेशन एक को

**महासमुंद।** चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज उपक्षेत्र-बेमचा का वार्षिक अधिवेशन एक मार्च को प्रातः 11 बजे प्राथमिक शाला परिसर ग्राम कौंदकेरा में कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर उपक्षेत्र-बेमचा के सभी पदाधिकारियों एवं समाज के समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति की अपील की है। उपक्षेत्र बेमचा में 11 गांव के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि गांव के जिन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं व्यक्तियों का सम्मान किया जाना है, उनकी सूची दिनांक 25 फरवरी तक अनिवार्य रूप से सचिव के पास जमा करें, ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। उक्त जानकारी देवदत्त चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज उपक्षेत्र बेमचा, हेमेंद्र हेमू चंद्राकर सचिव ने दी है।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्रामीण मंडल भाजपा महासमुंद के महामंत्री बने रामेंद्र

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला निवासी रामेंद्र प्रकाश गिरि को पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्रामीण मंडल भाजपा महासमुंद के महामंत्री तथा कोसरंगी निवासी राजेंद्र गिरि को मंत्री बनाया गया है। इस पर गोस्वामी समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरि, नारेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, धीरेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, धर्मेंद्र गिरि, मनोज गिरि, देवेंद्र गिरि, दुर्वासा गिरि, यशवंत गिरि, पेमेंद्र गिरि, चंदन पुरी आदि पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

### बजट से जनता को लाभ मिलेगा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तुत बजट 2026-27 के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

## पेज 7 के शेष

### जनता के हितों ...

और उसे सजाने संवारने के लिए कोई महत्वपूर्ण घोषणा ना होना क्षेत्र की जनता के हितों की अनदेखी है। क्षेत्र के छात्रों को भी इस बार फिर निराशा हाथ लगी है। उनकी उम्मीदों और उनके सपनों को इस बजट ने ना केवल निराश किया बल्कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और पीछे धकेल कर अन्य नगरों कस्बों की ओर जाने बाध्य कर दिया।

### प्लास्टिक मुक्त हुआ...

मेला परिसर में 24 घण्टे साफ-सफाई हेतु स्वच्छाग्रहियों एवं सफाई कर्मियों ने बीड़ा उठाया था। इसके साथ ही पूरे मेला परिसर में जगह-जगह डस्टबीन भी रखे गए थे ताकि कचरा इधर उधर न फैले। कार्य के प्रति उनके समर्पण से मेला परिसर 24 घण्टे स्वच्छता देखने को मिली। जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष मेले में सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं में काफी इजाफा किया गया था जिससे श्रद्धालुओं को काफ़ी सुविधा हुईं और यहां से श्रद्धालु सुखद अनुभूति लेकर वापस गए।

**न्यायालय उप तहसील तुमगांव, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202507122600008 वर्ष 2025-26
ग्राम मुडियाडीह प.ह.नं. 01
तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि आवेदिका शांतिबाई पिता देवनाथ जाति केंवट ग्राम मुडियाडीह प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. सिरपुर तहसील व जिला महासमुन्द स्थित भूमि खसरा नं. 81/5 रकबा 0. 628 हे. आवेदिका के नाम पर भूमि स्वामी हक की भूमि जमीन बंदोबस्त पूर्व 81/7 बनाया गया है, जिसके मौका काश्त कब्जा है। आवेदिका के भूमि का रिनंबरिंग नया खसरा नंबर 309 रकबा 0.64 हे. का निमार्ण किया गया है, जिसका वर्तमान नक्शे को गलत व त्रुटिपूर्वक है जो कि पुराना नक्शा से अंतर है। अतः उक्त भूमि में नक्शा में सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी को व्यक्ति / संस्था को दावा, आपत्ति पेश करना है तो वह दिनांक 09/03/2026 तक न्यायालय में स्वंय या अपने अभिभाषक या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
तुमगांव महासमुंद (छ.ग.)

### कांग्रेस ने कहा - तीन साल में तीन नाम बदले, अपेक्षित बदलाव नहीं

# भाजपा सदस्यों ने राज्य सरकार के बजट की सराहना की, कांग्रेस ने कहा दिशाहीन बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ सहित बलौदाबाजार - भाटापारा जैसे विकासशील, औद्योगिक व कृषि प्रधान जिले के लिए नई संभावनाओं द्वार खोलता है। इस बजट में बलौदाबाजार से भाटापारा मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं विकास हेतु 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो क्षेत्र की जनता के लिए



अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित निर्णय है। जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने कहा कि आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान गरीब परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा साथ ही 3500 करोड़ जल संसाधन विभाग को देकर किसानों की सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने का संकल्प दिखाया गया है। मीडिया प्रभारी आलोक अग्रवाल ने कहा कि 9450 करोड़ रुपये पीडब्ल्यूडी कार्यों के लिए देकर सड़कों और अधोसंरचना को नई मजबूती दी गई है। 1750 करोड़ उद्योग और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए आवंटित कर युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले गए हैं। भाजपा नेता रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 100 करोड़ की लागत से एजुकेशन सिटी का प्रावधान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की क्रांति लाएगा। दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में सीजीआईटी की स्थापना तथा 35 करोड़ से AI सेंटर की शुरुआत युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगी।

### मिशन को पूरा करने वाला है बजट

**खरोरा।** रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे 2047 के मिशन को पूर्ण करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा बजट में सकल घरेलु उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि जो अच्छे सुशासन का परिकल्पना सुशासन दिखता है। कृषकों के उन्नति के लिए 10,000 करोड़, महतारी वंदन योजना 8200 करोड़, खाद्यान्न सहायता योजना 6500 करोड़ , इस प्रकार आम लोगों के लिये यदि देखा जाये तो जल जीवन मिशन 3000 करोड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2000 करोड़, प्रधानमंत्री 1725 करोड़, समग्र शिक्षा 1500 करोड, समग्र विकास योजना 300 करोड़, इस प्रकार देखा जाये तो ये आम लोगों के विकास की बजट है।



### आर्थिक प्रगति और सुदृढ़ प्रबंधन का प्रतीक

पलारी । भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं भाजपा मंडल पलारी के कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय जहां बजट का आकार लगभग 5,000 करोड़ था, वहीं आज यह बढ़कर 35 गुना से अधिक होकर 1,72,000 करोड़ तक पहुंच गया है, जो प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन का प्रतीक है।सरकार का तीसरा बजट ज्ञान और गति के बाद इस वर्ष संकल्प थीम पर आधारित है। संकल्प का आशय समावेशी विकास, अधोसंरचना विस्तार, निवेश संवर्धन, कुशल मानव संसाधन निर्माण, अंत्योदय, आजीविका सशक्तिकरण तथा नीति से परिणाम तक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### ग्रामीण विकास और जनकल्याण को समर्पित है बजट

**सिमगा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और जनहित की भावना से ओत-प्रोत है। यह बजट मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और सुशासन की सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान और श्रमिक वर्ग के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, सिंचाई, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देते हुए एक ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, किसानों के लिए सिंचाई योजनाएं, समर्थन मूल्य, प्रावधान गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। चंद्रमणि तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए छत्तीसगढ़ को विकास के नए शिखर पर ले जा रही है। यह बजट निश्चित रूप से ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला सिद्ध होगा।



### जनता की उम्मीद पर खरा नहीं

पलारी। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा है। उन्होंने कहा कि नगर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे जनता में निराशा है। श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी निकायों को मजबूत करने की दिशा में बजट में स्पष्ट दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। साथ ही यह बजट युवाओं, किसानों और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करता प्रतीत होता है।



### बजट में शिक्षा पर ठोस पहल नहीं

**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों, युवाओं और शिक्षकों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन शिक्षा के लिए कोई ठोस और प्रभावी घोषणा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि न तो नए शिक्षण संस्थानों की स्पष्ट योजना है और न ही स्कूल-कॉलेजों की बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी पर्याप्त बजट का अभाव दिखाई देता है।



### तीन नाम, एक ही कहानी : भाजपा के बजट पर उठे सवाल

**बलौदाबाजार।** राज्य की भाजपा सरकार ने अपना तीसरा बजट प्रस्तुत कर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी का कहना है कि यह बजट पुराने वादों को नए नाम और नई पैकेजिंग के साथ पेश करने का प्रयास भर है। बीते तीन वर्षों में सरकार ने अपने बजट को अलग-अलग नाम दिए—2024-25 का बजट ज्ञान, 2025-26 का गति और 2026-27 का संकल्प। तीन साल में तीन नाम बदले, लेकिन जमीनी हालात में अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आ रहा।

**कृषक उन्नति योजना पर सवाल:** वर्ष 2025-26 के गति बजट में कृषक उन्नति योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। अब 2026-27 के संकल्प बजट में फिर से 10,000 करोड़ रुपये की घोषणा दोहराई गई है। सवाल यह उठता है कि यदि पिछली राशि वास्तव में किसानों की उन्नति पर खर्च हुई, तो किसानों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार क्यों नहीं दिखा?

कांग्रेस शासनकाल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का बजटीय प्रावधान किया गया था, जिसकी राशि अब तक जारी नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। ऐसे में नई घोषणाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

### मुफ्त बिजली योजना और बढ़ते बिल

वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों के लिए 3,500 करोड़ रुपये मुफ्त बिजली के नाम पर आवंटित किए गए थे। बावजूद इसके, दो वर्षों में चार बार बिजली दरों में वृद्धि की गई। योजना की शर्तों में बदलाव से लाभार्थियों को अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में किसान लो-वोल्टेज और अघोषित कटौती की समस्याओं से जूझते नजर आए। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आवंटित राशि का वास्तविक उपयोग किस प्रकार हुआ।




### आयुष्मान योजना में भुगतान का मुद्दा

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में 2025-26 के बजट में आयुष्मान योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। हालांकि, निजी अस्पतालों द्वारा भुगतान लंबित होने के कारण मरीजों को इलाज से वंचित किए जाने की शिकायतें सामने आईं। यदि अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं हुआ, तो बजट में घोषित राशि के उपयोग को लेकर भी प्रश्न उठते हैं।

### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

**पलारी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर विपक्ष के विधायक संदीप साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की राज्य के 25 साल के इतिहास का सबसे निराशा जनक बजट है। हमने राज्य बनते देखा है और कई बजट देखे हैं, लेकिन आज का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास में काले अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा। सरकार ने राज्य को वेंटिलेटर पर रख दिया है। यह बजट नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता के साथ किया गया एक भद्दा मजाक है। उन्होंने ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों की लीपापोती है, जिसमें राज्य के वास्तविक मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में किसानों को इस बजट से सबसे ज्यादा उम्मीदें थीं, लेकिन उन्हें केवल निराशा मिली न तो सिंचाई का लिए कोई क्रांतिकारी कदम उठाया गया और न ही कृषि क्षेत्र मे यह बजट किसान विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। विधायक श्री साहू ने कहा कि मध्यम वर्ग जो ईमानदारी से टैक्स भरता है, उसे इस बजट ने पूरी तरह अछूत मान लिया गया है। साथ ही युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों का कोई कैलेंडर नहीं है। यह बजट युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में युवाओं को इतना नजरअंदाज कभी नहीं किया गया। वही महंगाई चरम पर है और गरीब आदमी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार ने लोक-लुभावन विज्ञापनों के अलावा धरातल पर कुछ भी नहीं दिया।



### जवाबदेही पर जोर

श्री त्रिवेदी का कहना है कि बीते तीन वर्षों में बजट के नाम और प्रस्तुति बदली, लेकिन पारदर्शिता और प्रगति रिपोर्ट स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई। ज्ञान से समस्याएँ क्यों नहीं सुलझी, गति से योजनाएं जमीन पर क्यों नहीं उतरीं, और संकल्प में पुराने वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता कहा है। ये प्रश्न अब जनता पूछ रही है।सरकार हर वर्ष बजट को नया नाम दे रही है, किंतु विपक्ष का आरोप है कि जवाबदेही को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। जनता अब शब्दों और नारों से आगे बढ़कर ठोस परिणाम चाहती है। बजट का असर कागजों से निकलकर आम लोगों के जीवन में दिखना चाहिए।

# भगवान की प्रतीक्षा करें, परीक्षा नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान में आयोजित दुर्लभ सत्संग समारोह के दौरान प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश वाले ने कहा कि मैं शरीर हूं यह मानना एवं संसार को अपना मानना गलत है। जानना और मानना ठीक उसी प्रकार है जैसे परीक्षा और प्रतिक्षा। इसी प्रकार भगवान को मानना चाहिए फिर जानना चाहिए। क्योंकि भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिए, परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। जीवन मुक्त यहां पुरुष होते हैं वे किसी से अपेक्षा नहीं रखते। जीवन निर्वाह की व्यवस्था ठाकुर जी के पास हैं। परमात्मा भक्त के पीछे घूमते हैं बस शर्ते व्यक्ति को प्रभु के प्रति प्रेम होना चाहिए।

- 0स्वामी विजयानंद गिरी ने दुर्लभ सत्संग में दिए जीवन के गूढ़ मंत्र

इस अवसर पर छ.ग. शासन के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल, श्याम शुक्ला, सुशील तिवारी, डा. रामचंद पटेल, रामकुमार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, आयोजन समिति के टेसूलाल धुरधंर, जागेश्वर पटेल, नागेश्वर पटेल, दीपक पटेल, रामाधार पटेल, दुलार पटेल, बरतराम पटेल, पुनीत राम वर्मा, डा. दिनेश वर्मा, मोहन वर्मा, शत्रुहन लाल यादव, छत्तर सिंह ध्रुव, नरेश सिरमोर, अश्वनी पटेल, दिनेश वैष्णव, वेदप्रकाश अवस्थी, टीडी पाण्डेय, नारायण चंद्राकर, महेन्द्र वर्मा सहित काफी संख्या में महिला पुरूष श्रोता उपस्थित थे।

### इच्छा त्याग, सद्कर्म और प्रभु भक्ति से ही मानव जीवन सफल

स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने दुर्लभ सत्संग के दौरान कहा कि मानव जीवन के उद्धेश्य पर व्यक्ति चला है कि नहीं वह तो व्यक्ति के जीवन के उतार चढाव से पता चलता हैं। प्रभु की प्राप्ति को लेकर मीरा बाई की वाणी पायो जी मैनें राम रतन धन पायो का उदाहरण देते हुए प्रभु प्राप्ति पर सचित्र उदाहरण दिया। इन्होने यह भी कहा कि जिस तरह से मनुष्य को मल त्यागने के बाद शांति मिलती है उसी प्रकार व्यक्ति को इच्छा एवं गलत कार्यो के त्याग से तत्काल शांति मिलती है, इसलिए भूल का त्याग करना चाहिए वस्तु का नही। मानव जीवन को चैरासी लाख योनी में भटकते रहने के बाद मनुष्य योनी मिलता है इसलिए व्यक्ति को अच्छे कार्यो में संलग्न होना चाहिए। जो व्यक्ति फांसी लगाकर या अन्य माध्यम से आत्महत्या करता हैं एवं पैसों की लालच एवं रूपये की चिंता में डूबने वाले लोगों को भी भूत प्रेत की योनी मिलता है। जबकि नेत्र एवं शरीर दान करने वाले लोगों का अंतिम संस्कार अंग भंग शरीर के साथ किया जाता है तो उनका आगामी जन्म विकृति रूप के साथ जन्म होता है। स्वामी जी ने यह भी कहा कि ये मैं हूं और ये मेरा हैं यह एक बंधन हैं। सारी चीजे जो मिली हैं वह भगवान का हैं। क्योकि इनका मेरा मानना अशांति का जड़ है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाली दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप में बागबाहरा पुलिस ने दो महिलाओं के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी पम्मी बांधे अपने मकान के सामने ग्राम हरनादादर मे आने जाने वाले लोगों को शराब पीने पिलाने की

# बाजार में बिक्री के लिए पहुंचा नगाड़ा, साढ़े चार हजार रुपए जोड़ी बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

होली का पर्व नजदीक आते ही अब शहर का बाजार पूरे शबाब पर है। बाजार में जहां तरह-तरह की रंगीन पिचकारी, टोपी, नकली बाल, मुखौटा व रंग गुलाल के साथ साथ होली त्यौहार के टी-शर्ट व अन्य प्रकार के पहनावे बड़ी तादाद में बिक रहे हैं। वहीं हटरी बाजार में मिश्री की माला का नया आईटम बिक रहा है और यह 20 रुपए से 50 एवं 100 रुपए नग के हिसाब से बेचा जा रहा है। वहीं शक्कर की बनी हुई माला 150 रुपए प्रति किलो बिक रही है। ज्यादातर ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र से पहुंच रहे हैं। शक्कर व मिश्री की माला को पूजन के लिए आमतौर पर उपयोग किया जाता है, वहीं बनिहार अपने अपने मालिक को माला पहनाकर होली की बधाई देते हुए आशीर्वाद लेते हैं। इस बीच नगर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के लिए छोटे छोटे बच्चे व युवा लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करने मुस्तैदी से जुटे हैं। इस बीच मंडी क्षेत्र स्थित पुराने बस स्टैण्ड के पास राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ से नंगाड़ा बेचने वालों का काफिला शहर में डेरा डाल चुके हैं।

- मिश्री की मिठास के साथ फागुन का आगाज
- रंगीन पिचकारी, टोपी, नकली बाल, मुखौटा व रंग गुलाल की दुकानें सजी



पूर्व की तुलना में इस बार नंगाड़ा महंगे बिक रहा है, जहां बड़े आकार का नंगाड़ा 4500 रुपए जोड़ी में बिक रहा है। वहीं उससे कम आकार के नंगाड़े 2 हजार से 220 रुपए तक कीमत में उपलब्ध है। चूंकि होली के नंगाड़ों के बीच डीजे व बॉक्स के आ जाने के कारण पूर्व की तुलना में नंगाड़े अब कम बजने लगे हैं, फिर भी होली के रसिक होली के फाल्गुन गीत में नंगाड़ों की धमक व गूंज को बेहतर मानते हुए महंगे नंगाड़े खरीदकर जा रहे हैं। गांव-गांव के लोग नंगाड़ा खरीदने शहर पहुंच रहे हैं, जिसमें से कुछ लोग छोटे चौपहिया वाहन में नंगाड़ों की खेप ले जा रहे हैं, तो कुछ बैटरी चलित ई- रिक्शा में नंगाड़ा खरीदकर अपने गांव की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। आमतौर पर नंगाड़ों की थाप में छत्तीसगढ़ी फाल्गुन गीत से लोग झुमने को मजबुर है। कुल मिलाकर नंगाड़ों की बिक्री के लिए बाजार सज जाने के बाद अब गली, मोहल्ले व गांव में नंगाड़ों की गुंज सुनाई देने से यह एहसास हो रहा है कि होली का पर्व अब शुरू हो गया है।

### नयापारा में मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में विवाह कार्यक्रम के दौरान मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस प्रार्थी वार्ड 11 नयापारा दलदली रोड निवासी हीरालाल मेहर ने बताया क 22 फरवरी को उसके घर में साली का विवाह कार्यक्रम था, बारातियों के विदा होने के बाद रात्रि लगभग 8-9 बजे मोहल्ले का विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर, राजा ठाकुर एवं अन्य अपने साथियो के साथ आया और गाली गलौज करते हुए वहां पर बैठे मेहमानों के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान सन्नी ठाकुर ने प्रार्थी के साथ डंडे से मारपीट की। वहीं मारपीट से पिंटू मिरी को सिर में, सोनबती रौतिया को जांघ व अन्य जगह, रवि अजगले के सिर व शरीर के अन्य भागों में तथा गोपाल अजगले के पैर व शरीर में चोटे आई है। रवि अजगले और गोपाल अजगले ईलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम पंचायत नर्रा के शेख फरीद ने पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए नलकूप खनन हेतु आवेदन दिए। इसी तरह ग्राम तेंदूकोना निवासी कमला साहू ने आकस्मिक मृत्यु होने पर नियम के तहत मुआवजा राशि के संबंध में, ग्राम मुढ़ेना निवासी हेमलाल सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, वार्ड भानपुर बागबाहरा निवासी संजय ध्रुव ने निजी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण पर रोक लगाने हेतु, ग्राम लभरा खुर्द महासमुंद निवासी बलराम सेन ने श्रमिक पंजीयन कार्ड में संशोधन हेतु, ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्रामवासियों ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेत, ग्राम कोसरंगी निवासी डोमन लाल साहू ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने हेतु, ग्राम चोरभट्टी निवासी दिनेश यादव ने आकस्मिक मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्राप्त के लिए एवं ग्राम घोड़ारी निवासी फनिया ठाकुर ने शौचालय एवं गैस कनेक्शन प्रदाय करने हेतु आवेदन किए। इस अवसर पर जिपं सीईओ हेमंत नंदनवार आदि उपस्थित रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सतनाम धर्मशाला मड़वा में निःशुल्क भोजन का लाभ उठाया सैकड़ों लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बाबा गुरु घासीदास के जन्म स्थलीय गिरौदपुरी में आयोजित तीन दिवसीय गुरु दर्शन एवं विशाल संत समागम मेला 22, 23 एवं 24 फरवरी को आयोजित है। इसमें प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा गिरौदपुरी धाम मड़वा सरहद में सतनाम धर्मशाला मडवा में तीन दिवसीय निशुल्क भोजन भंडारा, साहित्य संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मड़वा धाम पहुंचे धर्मगुरु खुशवंत साहेब ने पूजा अर्चना कर, संत समाज को आशीर्वाद प्रदान कर निशुल्क भोजन भंडारा का शुभारंभ किया। मड़वा धर्मशाला में शुभारंभ तिथि पर खीर-पूरी, गुलाब जामुन, भोजन भंडारा में प्रथम दिन लगभग 3000 से अधिक लोगों ने गुरु प्रसादी ग्रहण किया। बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी द्वारा निशुल्क भोजन भंडारा का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, कोषाध्यक्ष श्याम जी टांडे, साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एस आर बांधे, रायपुर शहर के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव अशोक बंजारे, बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, महासचिव सुशील बंजारे युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में सतनाम धर्मशाला में समाज प्रमुख एवं विभिन्न दलों से जुड़े जनप्रतिनिधियों हुए है।

## प्रदेश के प्रमुख कलाकारों को साहित्यिकारों का सम्मान



### जनप्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

जनप्रतिनिधियों के आगमन पर उनके ऐतिहासिक स्वागत सम्मान किया जा रहा है। प्रथम दिवस मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, धर्मगुरु बाल दास अध्यक्ष मेला कमेटी एवं गुरुवंशजों का आगमन हुआ, जिसका प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील सोनवानी, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अंजलि बरमाल एवं प्रदेश पदाधिकारी द्वारा आरती पूजा कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. सनम जांगड़े, बलौदाबाजार नगर अध्यक्ष अशोक जैन, फिल्म निर्माता मोहन सुंदरानी, सतनाम सेना के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन भिलाई की विधायक देवेंद्र यादव, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उड़ीसा के प्रभारी पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर, बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, भिलाई के अध्यक्ष बी एल कुर्रे, बिलासपुर के अध्यक्ष तहरिया, कलाकार में गोरेलाल बर्मन, हृदय अनंत, रतन सबीहा, शिवा जांगड़े, दिलीप नवरत्न सहित पंडित राम जोशी का प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने पर प्रशस्ति पत्र एवं गमछा साल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नालंदा परिसर के लिए 4.50 करोड़ का प्रावधान

# बजट में भाटापारा को करोड़ों की सौगात मॉडल उप पंजीयक कार्यालय की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ बजट 2026 में भाटापारा क्षेत्र को बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रयासों से नगर पालिका परिषद को 4 करोड़ 50 लाख की लागत से नालंदा परिसर निर्माण की स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव की पूर्व घोषणा को पूर्ण करती है।

शिवरतन शर्मा ने कहा भाटापारा के विकास के लिए हमारा संकल्प निरंतर जारी है। नालंदा परिसर युवाओं के सपनों को साकार करने का केंद्र बनेगा, भाटापारा–बलौदाबाजार मार्ग क्षेत्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा मॉडल उप पंजीयक कार्यालय से आम नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं मिलेंगी। यह सब प्रदेश नेतृत्व के सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोग का परिणाम है।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ बजट 2026 में मिली ये सौगातें भाटापारा के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। शिक्षा, अधोसंरचना और प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में यह निर्णय नगर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हम सभी जनप्रतिनिधियों और शासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति भाटापारा नगर की ओर से आभार व्यक्त किया।

### भाटापारा को मिलेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र

नालंदा परिसर के निर्माण से विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं एवं अध्ययनशील वातावरण की आवश्यकता रखने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक, शांत एवं संसाधनयुक्त अध्ययन केंद्र मिलेगा। यह परियोजना भाटापारा को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।



### मॉडल उप पंजीयक कार्यालय को भी मंजूरी

इसके अतिरिक्त भाटापारा–बलौदाबाजार मार्ग के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 25 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही भाटापारा में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय की स्थापना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे नागरिकों को रजिस्ट्री एवं संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर आधुनिक सुविधाओं के साथ उपलब्ध होंगी।

## झेरिया धोबी समाज ने मनाई संत गाडगे जयंती



**भाटापारा।** झेरिया धोबी समाज तरेंगाराज द्वारा श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण मावली सिंगारपुर में संत गाडगे बाबा की जयंती मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने संत गाडगे बाबा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। रजक समाज तरेंगाराज के अध्यक्ष त्रिलोचन रजक द्वारा मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा का पुष्पहार से स्वागत स्वागत किया गया। शिवरतन शर्मा ने संत गाडगे द्वारा समाज देश में उनके द्वारा किए गये स्वच्छता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा समाज में भेदभाव, छुआछूत नहीं बल्कि स्वच्छता को अपनाकर स्वीकार करना चाहिए। मंच संचालन गन्नू लाल रजक ने किया। समारोह में मावली सिंगारपुर के सरपंच कनक मनहरे के साथ खुमान वर्मा एवं रजक समाज तरेंगाराज के अध्यक्ष त्रिलोचन रजक उपाध्यक्ष लाला राम रजक, परशु राम रजक सचिव, नारायण निर्मलकर सहसचिव, ईश्वर रजक उपकोषाध्यक्ष, प्यारे लाल रजक पूर्व उपाध्यक्ष, रतन निर्मलकर, पंचगण हरि राम रजक, मनोज निर्मलकर, जवाहर लाल रजक, भगत राम रजक, जीवन लाल निर्मलकर, चित्रकांत रजक, नरेश रजक, उदे राम रजक, कमल रजक, भारत भूषण रजक, भगवती रजक, फागू राम रजक आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने सुनी शिव महापुराण की कथा

**सेल।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम देवरुम में शिव महापुराण कथा चौहान परिवार द्वारा आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शिव महापुराण की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया है। शिव महापुराण की कथा को पं. रामगोपाल पांडे ने भजनों के साथ श्रद्धालुओं को सुनाया। इस कथा का मुख्य यजमान मोगरा, कीर्तन लाल चौहान एवं हेमलता, किरीतराम चौहान रहे। कथा के दौरान बाहर से कई संतों का भी आगमन हुआ। बाहर से पहुंचकर सैकड़ों श्रोताओं ने कथा श्रवण किया। कथा के अंतिम दिवस में हवन आदि कराया गया। पंडितों को दान दक्षिणा दिया गया। संगीत कलाकारों को यथा योग्य राशि देकर कथा का विश्राम की गई।

### प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर युवा कांग्रेस ने जताया जोरदार विरोध

**बागबाहरा।** नगर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अशोक होटल चौक के सामने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गिरफ्तारी को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने तथा विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस दौरान पुतला दहन को लेकरों पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खींचातानी की स्थिति भी निर्मित हो गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखबीर छाबड़ा, ताम्रध्वज बघेल सहित लोकेश उइकेआदि उपस्थित रहे।

### निधन

#### रवि शंकर जायसवाल

**भाटापारा।** रवि शंकर जायसवाल का 23 फरवरी को निधन हो गया। वे सुखनंदन जायसवाल के बड़े पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी मंगलवार प्रातः 11 बजे हिन्दू मुक्तिधाम, रामसागर पारा में किया गया। वे शिव जायसवाल, कैलाश जायसवाल, तुलसी जायसवाल एवं कीर्तन जायसवाल के बड़े भाई थे।

## रंग-गुलाल और पिचकारियों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही बाजारों में रंग गुलाल और पिचकारियों का माहौल दिखने लगा है। हालांकि, त्यौहार को लेकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई है। 2 मार्च को होलिका दहन होगा और ग्रहण के कारण 4 मार्च को रंग उत्सव मनाया जाएगा, जबकि अन्य का कहना है कि 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंग उत्सव होगा। इस विषय में विभिन्न पंडितों की अलग-अलग राय सामने आ रही है। इस बीच बाजार में रंग, पिचकारी और गुलाल की दुकानें सज गई है।दुकानदारों के अनुसार पिचकारियों और फुग्गों के दाम पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम है, जबकि रंग महंगा बिक रहा है। फिलहाल ग्राहक थोड़ी कम है, लेकिन दुकानदारों का मानना है कि त्यौहार नजदीक आने के साथ बिक्री बढ़ेगी। थोक दुकानों से माल गांवों तक पहुंच चुका है और कई दुकानदार पहले ही खरीदारी करके ले गए है।

### नगाड़ों की थाप में कमी



इस बार नगाड़ों की थाप में भी भारी कमी देखी जा रही है। होली के करीब होने के बावजूद नगाड़ों की आवाज बहुत कम सुनाई दे रही है। पूर्व वर्षों में होली के एक माह पहले से ही जगह-जगह नगाड़े बिकने आते थे, लेकिन इस बार वे दिखाई नहीं दे रहे। जो आवाज शुरू होती थी, वह भी अब बहुत कम हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नगाड़ों की कमी के कारण त्यौहार का उत्साह थोड़ा प्रभावित हुआ है। पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार नगाड़ों का व्यापार कमजोर रहा है।

## गिरौदपुरी मेला में कल्प समाज सेवी संस्था ने दी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

संत गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी के वार्षिक मेला में इस श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आस्था, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम बना है।

धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच, कल्प समाज सेवी संस्था छत्तीसगढ़ का स्टॉल आगन्तुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। स्टॉल की प्रमुख विशेषताएं 50 किस्मों के देशी धान बीज किसानों और ग्रामीणों को पारंपरिक कृषि की ओर प्रेरित करने के लिए। खुशबू वाले चावल एवं जैविक खेती की जानकारी स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु। महिला सशक्तिकरण से जुड़े सामग्री महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए। दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित हर्बल उत्पाद हैंड वॉश, साबुन और फिनाइल जैसे उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भरता का संदेश। संस्था का संदेश संस्था प्रमुख अभिषेक यादव ने अपने वक्तव्य में कहा "देशी बीज, जैविक जीवन, महिला शक्ति, सामाजिक उत्थान। स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज ही हमारे प्रयासों का मूल मंत्र है।" आगन्तुकों की प्रतिक्रिया मेला में आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का यह संगम वास्तव में समय की मांग है। बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, वहीं बुजुर्गों ने इसे संत परंपरा के अनुरूप समाज सेवा की मिसाल बताया।



## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश का रोहांसी में स्वागत

**पलारी।** गिरौदपुरी धाम की ओर प्रस्थान करते समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नगर पंचायत रोहांसी बस स्टैंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उनके आगमन पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और जयघोष से पूरा बस स्टैंड परिसर गूंज उठा। लोग भूपेश बघेल को देखने उमड़ पड़े। भूपेश बघेल के साथ आये विधायक संदीप साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराते हुए मुलाकात कराये। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नन्देश्वर साहू, पलारी नगर पंचायत के अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत कर श्री बघेल के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पितांबर साहू, अमृत साहू, उल्लेख साहू, झड़ी राम, सुभाष राव, संदीप साहू, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हर्षू वर्मा, दिनेश साहू, देवेंद्र ओझा, हेम कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मनीषा माता साहिबा के आगमन से कबीरमय हुआ क्षेत्र

**भाटापारा।** मनीषा माता साहिबा का ग्राम रवान अंबुजा, भद्रापाली, अर्जुनी एवं टोपा में आगमन हुआ उपस्थित कबीर पंथीयों द्वारा सामूहिक चरण बंदगी कर आशीर्वाद लिया गया एवं शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। इसी अवसर पर 22 फरवरी से ग्राम टोपा में तीन दिवसीय सत्संग ग्रंथ का आयोजन किया गया। ग्राम के समस्त कबीरपंथी ग्रामवासियों द्वारा कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित गुरु महिमा पाठ मन्नत आरती एवं भव्य शोभा यात्रा निकली गई। इस अवसर पर कुशल साहू, मोहित साहू, देवकन्या, कुंजराम साहू, पवन द्रोपति साहू, फुलेश्वरी साहू आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।



### मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं को सतनामी समाज ने कराया भोज

**लवन।** तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास के जन्म स्थली तपोभूमि में विशाल मेले का आयोजन हुआ। मेले का समापन होने के बाद वापस हो रहे श्रद्धालुओं को लवन के सतनामी समाज ने भोजन कराया। देर रात्रि तक चले भोजन भंडारा में लवन सतनामी समाज के अध्यक्ष हिंछाराम अनंत, पार्षद हरप्रसाद बार्वे, येशु दास निराला, सुरेन्द्र बघेल, बनवारी बार्वे, उदेराम टंडन, रामायण, अनंत, प्रकाश बार्वे सहित समाज के लोगों ने भोजन भंडारा में सहयोग प्रदान किया।



## श्वसन तंत्र और ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जीता दिल

# छात्रों ने कबाड़ से बनाया विज्ञान मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मेले में छात्र छात्राओं ने कबाड़ के सामानों से साइंस के संबंधित आकर्षक मॉडल बनाये, जिसमें वर्किंग मॉडल में श्वसन तंत्र प्रणाली और ट्रैक्टर ट्राली मॉडल को पसंद किया गया।

स्थूल मॉडल में कृषि कार्य प्रणाली को प्रथम स्थान, सोलर सिस्टम से लैस घर को द्वितीय स्थान तथा कंपोस्ट खाद बनाने और उनका खेतों में उपयोग किए जाने वाले से संबंधित मॉडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य उल्लेखनीय माडलों में वर्षा जल संग्रहण, मिसाइल, तारामंडल, इंडिया गेट का मॉडल, वाष्पीकरण क्रिया, घर का मॉडल आकर्षण के केंद्र रहे। प्राचार्य सुशीला वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मक क्षमता बाहर आती है, विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए शिक्षकों को नवाचार करवाते रहना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को भी इस आयोजन के बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पाठक आशा राम वर्मा, व्याख्याता हेमलता साहू, शचि आहेरराव, शिक्षक सरस्वती वर्मा, नर्मदा साहू, उत्तरा साहू, देवेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज बघेल, वसुंधरा साहू, मंजू लता देवांगन, शिवानी वर्मा, मंजू आनंद, सुरेश विश्वकर्मा, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।









